
# 'बायो-फार्मा और डेटा सेंटर हब के रूप में उभर रहा यूपी'

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बजट की खूबियां बताते हुए कहा कि ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क और नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क तेजी से विकसित हो रहे हैं। बजट से बायो-फार्मा सेक्टर में यूपी की संभावनाएं सुदृढ़ हुई हैं। सीएम ने कहा कि सारनाथ और हस्तिनापुर को आर्कियोलॉजिकल विकास परियोजना में शामिल किए जाने से प्रदेश के टूरिजम को बड़ी मजबूती मिलेगी। प्रदेश के ९८ जिला अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने और हर जिले में ट्रॉमा-इमरजेंसी सेंटर स्थापित करने से 'गोल्डन आवर' में मरीजों की जान बचाने की संभावना बढ़ेगी।



**'पीडीए सिर्फ बहाना, लक्ष्य परिवारवाद' :** सपा मुखिया अखिलेश यादव के बजट को लेकर उठाए सवालों पर योगी ने कहा कि पीडीए के नाम पर राजनीतिक हमले सिर्फ बहाना हैं, असली लक्ष्य परिवारवाद को बचाना है। जो लोग आज पीडीए की बातें कर रहे हैं, उनसे यह पूछा जाना चाहिए कि जब वे सत्ता में थे तब देश और प्रदेश के गरीब, युवा, किसान और वंचित वर्ग के आत्मसम्मान और आत्मगौरव की चिंता क्यों नहीं की गई।

**जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन इसी महीने!**

सीएम ने संकेत दिए हैं कि नोएडा का जेवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट इसी महीने शुरू हो सकता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हवाई अड्डा तैयार है। उसके लाइसेंस से जुड़ी औपचारिकताएं अंतिम चरण में हैं। मुझे विश्वास है कि इसी माह प्रधानमंत्री द्वारा हवाई अड्डे का उद्घाटन किया जाएगा।